हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, मंगलवार 17 जून 2025
सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

तापमान
अधिकतम 34.2 डिग्री
न्यूनतम 26.6 डिग्री


बंसुला में सरपंच ने नवप्रवेशी बच्चों को तिलक... 12


लाफिनखुर्द स्कूल में छात्रों को बांटी गई पुस्तकें 12

## खबर संक्षेप

### बाइक की टक्कर से तीन घायल

**महासमुंद।** सायकल से जा रहे तीन लोग बाइक की टक्कर से घायल हो गए। पुलिस को बसना की सविता कुंजाम ने बताया कि 13 जून की शाम 7 बजे के आसपास वह अपनी छोटी बेटी नीतू के साथ दवाई खरीदने गई थी, उसी समय उसका मंझला दामाद मुकेश नेताम अपनी पत्नी, बच्चे के साथ सायकल से बसना बाजार की ओर जा रहे था। पदमपुर रोड लक्ष्मी मोबाईल दुकान के सामने पहुंचने पर बंसुला की ओर से आ रही मोसा सुपर स्प्लेंडर क्रमांक सीजी06जीपी5215 के चालक ने अपने वाहन को तेजी उपेक्षापूर्ण व लापरवाहीपूर्वक खतरनाक चलाते हुए उसके दामाद के सायकल को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे दामाद मुकेश नेताम, बेटी नैना नेताम एवं नतनीन सायरा नेताम सायकल सहित रोड पर गिर कर घायल हो गए। मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 184 एलकेएस, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।

### जमीन बंटवारे की बात को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** जमीन बंटवारे की बात को लेकर तीन लोगों ने एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर दी। बसना पुलिस को प्रार्थी चरण सिदार निवासी पंडरीपानी कटेल ने बताया कि 15 जून को शाम करीबन 4 बजे उसका भाई आनंद सिदार, शरण सिदार एवं मेरी बहन चरणमोती सिदार घर आये और जमीन बंटवारे की बात को लेकर तीनों एक राय होकर गाली गलौज करने लगे और मारपीट की। रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### महिला और उसकी मां से मारपीट

**महासमुंद।** महिला और उसकी मां से मारपीट करने वाले आरोपियों के खिलाफ बलौदा थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को रूकनी प्रधान निवासी ग्राम खोखेपुर ने बताया कि 15 जून को उसके पति केशनाथ प्रधान खाना खाने देर से आये तो उसने कहा कि खाना खाने जल्दी क्यों नही आते हो। इतने में गुस्से में आकर उसका पति गाली गलौज और मारपीट करने लगा, इसी दौरान उसकी सास तुलसा, जेठानी शकुंतला और ससुर सूरत प्रधान भी आ गये और सबने मिलकर मारपीट की। इसके बाद उसने फोन करके अपनी मां जज्ञसिनी बेहरा को बुलाया। जब उसकी मां पिताजी के साथ ग्राम खोखेपुर आयी तो ससुर सूरत प्रधान ने प्रार्थिया की मां से मारपीट की। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# फुट ओवरब्रिज को बताया औचित्यहीन, निर्माण में रोक की मांग

## कलेक्टर से मिला प्रतिनिधिमंडल, कहा- कभी किसी ने मांग ही नही की, जबरिया थोपा जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के तुमगांव रोड स्थित रेलवे क्रॉसिंग के आसपास के निवासियों एवं व्यवसाईयों ने सोमवार को कलेक्टर विनय कुमार लंगेह से मुलाकात की। इस दौरान उन्होनें

तुमगांव रोड रेल्वे क्रॉसिंग के पास प्रस्तावित फुट ओवरब्रिज की आवश्यकता नही होने और प्रस्तावित निर्माण को निरस्त करने की मांग की।

प्रतिनिधिमंडल के सदस्य प्रिंस चावला, अमरजीत सिंग खालसा (शम्मी), विनोद साहू, योगेश साहू, किशोर वर्मा, आताबुल खान आदि ने बताया कि रेल्वे क्रॉसिंग को बंद कर यहं पर फुट ओवरब्रिज का निर्माण प्रस्तावित है। जिसके निर्माण के लिए मार्किंग किया जा रहा है।



आसपास के निवासियों के लिए मार्ग व नाली आदि बंद हो जाएगा। साथ ही आस-पास के 20-25 घरों के रहवासियों की आवाजाही के लिए भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ेगा तथा मकान में प्रवेश के लिए मार्ग पूर्णतः अवरूद्ध हो जाने से घर से निकलने हेतु कोई अन्य विकल्प नही रहेगा।

इन्होनें बताया कि इस फुट ओवरब्रिज के लिए आसपास के किसी भी निवासी द्वारा कभी कोई मांग नही की गई। और तो और पूर्व विधायकों द्वारा भी लिखित में उक्त स्थान पर किसी भी प्रकार का कोई फूट ओवरब्रीज निर्माण की आवश्यकता नही होने की बात कही गई है। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की है कि उक्त प्रस्तावित निर्माण को तत्काल निरस्त कराए जाते हुए आवश्यक कार्यवाही की जाए।

## रोष : युक्तियुक्तकरण के नाम पर शासन पर लगाए मनमानी के आरोप

# ऐतिहासिक मान्यता के स्कूल को मर्ज करने पर बिफरे कांग्रेसजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नियमों को कथित तौर पर ताक पर रखते हुए

- गेट पर ताला लगाकर दिया धरना, फिर कलेक्टर से मुलाकत कर सौंपा ज्ञापन

200 साल पुराने ऐतिहासिक मान्यता के खट्टी के प्राथमिक शाला को 2005 में बनी कन्या शाला खट्टी के साथ युक्तियुक्तकरण के नाम पर मर्ज करने के विरोध में सोमवार को पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने खट्टी के उक्त प्राथमिक शाला में तालाबंदी कर शासन-प्रशासन के तानाशाही रवैये का विरोध किया।

इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव चंद्राकर ने कहा कि शासकीय प्राथमिक शाला खट्टी ऐतिहासिक एवं ब्रिटिश जमाने की शाला है, जो वर्ष 1814 से संचालित हो रही है। उक्त स्कूल में अनेक स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने शिक्षा हासिल की है। वर्तमान में इस विद्यालय में 206 बच्चों की दर्ज संख्या है। तभी तक 4987 बच्चों के नाम दाखिल खारिज में दर्ज है। ऐसे ऐतिहासिक स्कूल को बिना ग्रामीणों से चर्चा, प्रबंध समिति की अनुमति बिना मनमानी पूर्वक शासन द्वारा इस स्कूल को बंद कर 2005 में बनी मिडिल स्कूल कन्या शाला के साथ मर्ज किया जाना क्षेत्र के ग्रामीणों के भावनाओं के साथ खिलवाड़ है। युक्तियुक्तकरण के नियमों के तहत अधिक दर्ज संख्या तथा ऐतिहासिक महत्व के स्कूलों को मर्ज नहीं किया जा सकता। लेकिन, इस स्कूल के युक्तियुक्तकरण में इन नियमों का पालन नहीं किया गया।



शासन के आदेश के विपरीत जाकर प्रशासनिक अधिकारियों ने बिना जाँच व परीक्षण के खट्टी प्राथमिक शाला का मनमानी पूर्वक युक्तियुक्तकरण किया है। जिसका विरोध ग्राम खट्टी सहित आसपास क्षेत्र के ग्रामीण कर रहे हैं। 200 साल से अधिक पुरानी इस स्कूल में आसपास के 40 ग्रामों के बच्चे अध्ययन कर चुके हैं। इस स्कूल से क्षेत्र के ग्रामीणों की भावनाएं जुड़ी है। युक्तियुक्तकरण से आम जनता, छात्र एवं पालकों में अत्यधिक आक्रोश है। क्षेत्र के ग्रामीणों के आक्रोश व उनकी भावनाओं का सम्मान करते हुए हमारे द्वारा आज यहां शासन द्वारा गलत तरीके से की गई युक्तियुक्तकरण का विरोध स्वरूप तालाबंदी किया गया।

## विरोध-प्रदर्शन के बाद कांग्रेसियों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

विरोध प्रदर्शन पश्चात कांग्रेस जन कलेक्टर ऑफिस पहुंचकर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें खट्टी के उक्त प्राथमिक शाला के युक्तियुक्तकरण को निरस्त कर विद्यालय को स्वतंत्र रूप से चलने की कार्रवाई के आदेश देने की मांग की गई। तालाबंदी के अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर, वरिष्ठ कांग्रेसी दाऊलाल चंद्राकर, पूर्व महामंत्री संजय शर्मा, पूर्व मंडी अध्यक्ष हीरा बंजारे, सेवालदल अध्यक्ष नीतेंद्र बैनर्जी, ग्रामीण ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष ढेलु निषाद, युकां जिलाध्यक्ष अमन चंद्राकर, दिलीप चंद्राकर, पार्षद सूरज नायक, पूर्व पार्षद बबलु हरपाल, अनुराग चंद्राकर, पूर्व सरपंच अन्नू चंद्राकर, जय सोनकर, आकाश निषाद, कमलेश सोनकर, दीपक ठाकुर, युवराज साहू, सोमू चंद्राकर, रेवा राम साहू, शेखर चंद्राकर, चमन सिन्हा, सुरेश निषाद, प्राण सिंग ध्रुव, मनहरण निषाद, रहीम खान, तुका राम ध्रुव, प्रेमलाल साहू, किसनू राम यादव, मन्नू साहू, रामकिशन साहू, लीलू साहू, मानिक राम साहू, गजेंद्र साहू, थानूराम, नीलू साहू सहित ग्राम खट्टी के सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।



### शासन के नियमानुसार सही : बीईओ

प्राथमिक शाला में धरना-प्रदर्शन की सूचना पर बीईओ लीलाधर सिन्हा खट्टी पहुंचे। यहाँ उन्होंने पूर्व विधायक से चर्चा की। लेकिन, पूर्व विधायक द्वारा युक्तियुक्तकरण के तहत प्राथमिक शाला को मर्ज कराने का विरोध करते रहे और आदेश को वापस लेने की बात पर अड़े रहे। बीईओ सिन्हा ने कहा कि शासन की गाइड लाइन के अनुसार शाला का मर्ज किया वह सही है। फिर भी मामले को उच्चाधिकारियों से अवगत कराया जाएगा।

# राष्ट्रीय राजमार्ग पर पिकअप ने मारी बस को टक्कर, तीन घायल, अवैध लकड़ी जब्त




हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा(ग्रामीण)

राष्ट्रीय राजमार्ग 53 पर सोमवार को

- दुर्घटनाग्रस्त वाहन में मिला प्रतिबंधित लकड़ी का जखीरा

सुबह शिवा आईटीआई टेका के पास एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने रफ्तार ट्रेवल्स की बस को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बस सवार एक बुजुर्ग यात्री समेत पिकअप के ड्राइवर और क्लीनर घायल हो गए। तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिथौरा में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया।

मिली जानकारी अनुसार पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 06 एचए 6616 और बस क्रमांक सीजी 04 ईए 0226 दोनों सांकरा की ओर से रायपुर के तरफ जा रहे थे। शिवा आईटीआई टेका के पास अचानक पिकअप चालक ने नियंत्रण खो दिया और बस को पीछे से टक्कर मार दी। इस घटना में छोटेलोरम निवासी बुजुर्ग बस यात्री सेवाराम का पैर टूट गया, वहीं पिकअप सवार ड्राइवर जीतू और क्लीनर पंकज को भी चोटें आईं। दुर्घटना के बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्काल राहत कार्य शुरू किया और घायलों को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पिकअप वाहन काफी तेज गति में था और अचानक नियंत्रण खो बैठा, जिससे यह हादसा हुआ। दुर्घटना के बाद जब पिकअप वाहन की जांच की गई तो उसमें नीम, बेर और मोदे (केकट) जैसी प्रतिबंधित लकड़ियों का अवैध परिवहन पाया गया। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और लकड़ियों को जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू की है। वन परिक्षेत्र अधिकारी सालिकराम डडसेना ने बताया कि पिकअप वाहन में पाई गई लकड़ियों की जांच की जा रही है। इनमें मोदे (केकट) जैसी संरक्षित प्रजातियों की लकड़ी भी शामिल है, जिसकी कटाई और परिवहन वन अधिनियम के तहत प्रतिबंधित है। विभाग द्वारा लकड़ियों सहित पिकअप वाहन को मौके पर ही जब्त कर लिया गया है और मामले की विस्तृत जांच जारी है। प्रारंभिक पूछताछ में वाहन चालक जीतू ने बताया कि यह लकड़ी सरायपाली से लाई जा रही थी और इसे झलप के एक फर्नीचर मार्ट में पहुँचाना था।

# सरकारी में अव्यवस्था, निजी स्कूलों में पहले दिन से पढ़ाई शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद आज स्कूलों में रौनक फिर लौट आई। जिला मुख्यालय में जहाँ एक तरफ सरकारी स्कूलों में बच्चों का पहला दिन शाला प्रवेश उत्सव, स्कूलों में व्याप्त अव्यवस्था और मौज मस्ती में बीता तो निजी स्कूलों में पहले ही दिन से पढ़ाई शुरू हो गई। हालांकि पहले दिन सरकारी व निजी संस्थानों में बच्चों की उपस्थिति कम रही, खासकर सरकारी स्कूलों में, यहाँ अधिकांश स्कूलों में दर्ज संख्या के हिसाब से आधे से भी कम बच्चे आज स्कूल पहुंचे।

### नहीं पहुंचीं पाठ्यपुस्तकें

आज से सभी स्कूल खुल गए। पर, कक्षा पहली से आठवीं तक की निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का एक भी सेट नहीं पहुंचा। जानकारी के अनुसार शिक्षण सत्र 2025-26 के लिए शिक्षा विभाग ने पहली से आठवीं तक के लिए 1 लाख 38 हजार 466 सेट पाठ्यपुस्तकों की मांग की थी।

पर, आज स्कूल खुलने के पहले दिन किसी बच्चे को पाठ्यपुस्तक नहीं दी जा सकी।

# फिल्म बनाने के लिए शिक्षक दंपत्ती ने की 18.73 लाख रुपए की ठगी, गिरफ्तार हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

लोगों को रकम दोगुनी करने का लालच देकर ठगी करने वाले शिक्षक दंपत्ति को बसना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने पांच लोगों से 18.73 लाख रुपए की ठगी कर ली थी। ठगी की गई रकम को इन लोगों ने फिल्म बनाने के लिए लगा दिया।



मामले को लेकर पुलिस को प्रार्थिया निर्मला पटेल पति मनोज पटेल (32 वर्ष) निवासी ग्राम भंवरपुर ने बताया कि लोकनाथ खुटे (सहायक शिक्षक) एवं उसकी पत्नी संगीता खुटे (सहायक शिक्षक) दोनों अपने बच्चों के साथ ग्राम भंवरपुर में हमारे घर में किराये के मकान में रहते थे, जिससे हमारी जान पहचान हो गयी। लेकिन लगभग एक वर्ष रहने के बाद ग्राम भंवरपुर के ही दूसरे के मकान में रहने के लिये चले गए। इस बीच जान पहचान होने के कारण एक-दूसरे के घर आना-जाना भी होता था, जिससे दोनों परिवार के बीच घरेलू संबंध बन गये।

लोकनाथ खुटे व उसकी पत्नि संगीता खुटे ने भरोसे का फायदा उठाकर हमें शेयर मार्केट के माध्यम से रुपए दोगुना होने की बात कही। उनके द्वारा हमें समझाया गया कि आप जो रकम दोगे वह प्रॉफिट के साथ हर महीने किस्त के माध्यम से आपको वापस लौटाया जाएगा यह प्रक्रिया 18 महीने की होगी। जिससे आपके द्वारा दी गई रकम 18 महीने में दोगुना हो जायेगी। इस संबंध में लोकनाथ खुटे और उसकी पत्नी सगीता खुटे द्वारा बताया गया कि इस स्कीम में हमारे साथ और भी लोग जुड़े है जिस कारण रकम डबल करने वाले स्कीम के संचालन के लिये हमने व्हाट्सप ग्रुप बनाया है इसमें हमारे द्वारा स्कीम संबंधित सभी प्रकार की अपडेट व महीने का किस्त जारी होने संबंधी जानकारी दी जाती है। ▶▶|शेष पेज 10 पर

## कलेक्टर विनय लंगेह ने दिया शिक्षा की गुणवत्ता पर जोर

# शाला प्रवेशोत्सव से हुआ नए शिक्षण सत्र का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रदेशभर में शिक्षा को जनांदोलन का रूप देने और प्रत्येक बच्चे को स्कूल से जोड़ने के उद्देश्य से आज दिनांक 16 जून 2025 को शाला प्रवेश उत्सव 2025 का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर महासमुंद जिले के पीएमश्री बृजराज प्राथमिक शाला में प्रवेशोत्सव का विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कलेक्टर विनय कुमार लंगेह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

शाला प्रवेशोत्सव के दौरान कलेक्टर लंगेह ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद किया और विद्यालय जीवन की नई शुरुआत के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि शाला प्रवेश उत्सव केवल नामांकन का अवसर नहीं, बल्कि यह प्रत्येक बच्चे के उज्ज्वल भविष्य की पहली सीढ़ी है। उन्होंने कहा कि हर बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचे, यह हम सभी की जिम्मेदारी है। कलेक्टर लंगेह ने शिक्षकों और पालकों से आह्वान किया कि वे बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने हेतु संकल्प लें। कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए कि मध्याह्न भोजन योजना से कोई भी बच्चा वंचित न हो, और गणवेश वितरण की प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न की जाए।विद्यालय प्रांगण में इस आयोजन को लेकर उत्सव जैसा माहौल रहा। बच्चों की मुस्कान, रंग-बिरंगे गुब्बारे और पारंपरिक वेशभूषा में सजे छात्रों ने इस दिन को शैक्षणिक पर्व में बदल दिया।




प्रधान पाठक गोमती साहू ने बताया कि प्राथमिक स्तर पर कुल 198 एवं मिडिल स्कूल में 120 बच्चे दर्ज हैं। इस अवसर स्कूल परिसर को विशेष रूप से सजाया गया था। जिससे बच्चों और अभिभावकों को स्वागत का वातावरण महसूस हो।

नवप्रेषित बच्चे गगन सिन्हा, डिंपल यादव, ईशान साहू, रूपाली साहू और यादराम साहू जैसे बच्चों ने अपने पहले स्कूल दिवस को यादगार बनाने के लिए सेल्फी ली और एक-दूसरे के साथ विद्यालय जीवन की शुरुआत का उत्सव मनाया। कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों ने शाला विकास समिति के सदस्यों एवं सभी पालकों से अपील की कि वे शिक्षा के इस महाअभियान में भागीदार बनें और अपने आसपास के हर बच्चे को विद्यालय से जोड़ें, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा के अधिकार से वंचित न रहे। शाला प्रवेश उत्सव एक सप्ताह तक जिले के विभिन्न विद्यालयों में उत्साह और ऊर्जा के साथ मनाया जाएगा।इस दौरान कलेक्टर ने स्कूल का निरीक्षण भी किया एवं आवश्यक निर्देश दिए।

## पतेरापाली में फैली दस्त, 80 लोगों की हुई जांच

**महासमुंद।** जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम पतेरापाली में उल्टी-दस्त फैलने की खबर है। यहां अधिकतर ग्रामीणों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं स्वास्थ्य अमले द्वारा कैंप लगाकर जांच शुरू कर दी गई है। स्वास्थ्य टीम ने बीते दो दिनों से गांव में कैंप कर कुल 80 लोगों का जांच की, जिसमें 6 लोगों को उल्टी-दस्त की शिकायत मिली, शेष सभी को दस्त की शिकायत थी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि दो दिनो से पतेरापाली में लोगों को दस्त की शिकायत है। ग्रामीण टंकी के पानी का इस्तेमाल कर रहे थे, उसके दूषित होने की आशंका पर उपयोग पर पाबंदी लगा दी गई है। टैंकर से पानी की सप्लाई किया जा रहा है। टंकी के पानी का सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया है। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है।



## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**महासमुंद।** नेशनल हाईवे 53 जगदीशपुर ओवरब्रिज बसना में कार ने बाइक चालक को टक्कर मार दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी घनश्याम पटेल ग्राम तोरेसिंघा ने रिपोर्ट लिखाई है कि 14 जून की रात के करीबन 10 बजे उसे सोहन पटेल ने सूचना दी कि भाई राधेश्याम पटेल का एनएच 53 रोड जगदीशपुर ओवरब्रिज बसना में रोड एक्सीडेंट हो गया है। जिसे उपचार कराने सीएचसी बसना ले जाया गया है। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने राधेश्याम की मौत हो जाना बताया। उसने सोहन पटेल से घटना के संबंध में पूछा तो बताया कि राधेश्याम पटेल अपनी बाइक एचएफ डिलक्स क्रमांक सीजी 06एचए0963 से ससुराल रेमड़ा जा रहा था, और वह अपने बाइक से पीछे-पीछे जा रहा था कि जैसे ही करीबन 9.30 बजे एनएच 53 रोड जगदीशपुर ओवरब्रिज के ऊपर बसना पहुंचा था कि सामने गलत साइड से वाहन कार स्विफ्ट डिजायर क्रमांक सीजी 06 जीजे 1270 के चालक द्वारा आपके वाहन कार को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर राधेश्याम पटेल की बाइक को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया जिससे राधेश्याम को चोटें आई, जिसे पुलिस वाहन से सीएचसी बसना लाया गया, जहां डॉक्टर ने चेक कर राधेश्याम की मृत्यु होना बताया। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 184 एलकेएस, 106(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।

### संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम के तहत हुई कार्यशाला

**सरायपाली।** भाजपा मंडल छुईपाली द्वारा ग्राम कलेंडा के सरस्वती शिशु मंदिर के शाला प्रांगण में संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम के अंतर्गत विकसित भारत का अमृतकाल– सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य प्रवक्ता सरला कोसरिया प्रदेश उपाध्यक्ष, मंडल प्रभारी कृष्ण कुमार साहू, पुष्पलता चौहान जिला महिला मोर्चा महामंत्री, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रदीप साहू, मंडल अध्यक्ष अनिल साहू, मंडल महामंत्री संजय प्रधान, उपाध्यक्ष नीलांबर सीताराम पटेल, दया निधि जाल, नृपराज रावल, कोषाध्यक्ष नित्यानंद कंद, पंकज साहू, अन्तराम बिशी, वेद प्रकाश नायक, रमेश नायक, कैलाश साहू, घनश्याम भोई, डॉ नरेश प्रधान, प्रसन्न प्रधान, प्यारी लाल साहू, उमाकांत मिश्रा, भरत पटेल, आनंद बरिहा आदि मौजूद रहे।

**जायजा :** अनुपस्थित मिले व्याख्याताओं का कटेगा एक दिन का वेतन

# स्कूल खुलने के पहले ही दिन संयुक्त संचालक ने किया स्कूलों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ झलप

16 जून को स्कूल खुलने का पहला दिन

- हायर सेकेंडरी स्कूल रायतुम में व्यवस्थागत खामियों को देख नाराज हुए अधिकारी



था। पहले ही दिन संभागीय संयुक्त संचालक राकेश पांडेय, सहायक संचालक अजीत सिंह जाट व आलोक चांडक के साथ सुदूर ग्रामीण अंचल के स्कूलों में पहुंचकर निरीक्षण किया।

पाण्डेय व टीम द्वारा वनांचल क्षेत्र रायतुम के स्कूलों का निरीक्षण किया और वहां बच्चों के शाला प्रवेश, शाला की साफ-सफाई पुस्तक, गणवेश वितरण की जानकारी ली। हायर सेकेंडरी स्कूल रायतुम में संस्थागत अव्यवस्था को देख उन्होंने गहरी नाराजगी व्यक्त की और शाला समय में अनुपस्थित पाए गए शिक्षकों का एक दिन का वेतन काटने का निर्देश दिए। संस्था में पदस्थ व्याख्यता अपर्णा पाल के अनियमित उपस्थिति पर उनके विरूद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की संस्तुति की गई है। वहीं अनुपस्थित अवधि का वेतन आहरण करने वाले अधिकारी/कर्मचारी के विरूद्ध भी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। व्याख्याता आरती कुजूर, हेमपुष्पा ध्रुव, पूर्णिमा ठाकुर, सारिका सरकार, रूखमणी शर्मा तथा सहायक शिक्षक विज्ञान राकेश चंद्राकर का एक दिन वेतन काटने का निर्देश प्राचार्य को दिया गया। रायतुम के पूर्व माध्यमिक शाला में पहुंच अधिकारियों ने शाला प्रवेश उत्सव में शिरकत की और बच्चों को तिलक लगाकर शाला प्रवेश करवाया।

### हायर सेकेंडरी स्कूल का निरीक्षण

संभागीय संयुक्त संचालक राकेश पांडेय व सहायक संचालकद्वय अजीत सिंह जाट व आलोक चांडक द्वारा हायर सेकेंडरी स्कूल झलप का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित मिले। पाण्डेय ने हायर सेकेंडरी झलप में पदस्थ समस्त शिक्षकों की बैठक ली और अध्यापन के टिप्स दिए। साथ ही शिक्षकों को हायर सेकेंडरी झलप का आगामी परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत लाने का टास्क दिए। उन्होंने शिक्षकों को डेली डायरी लिखने, पाठ्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। सहायक संचालक आलोक चांडक को झलप स्कूल का रिजल्ट 100 प्रतिशत लाने के टास्क पूरा करने के लिए विद्यालय गोद लेने का निर्देश दिए और प्रति माह 2 बार विद्यालय का दौरा करने कहा। साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद द्वारा माह में 1 दिन दौरा किया जाएगा। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि वे बच्चों को आत्मविश्वास के साथ सीखने का वातावरण दें और गुणवत्तापूर्ण अध्यापन सुनिश्चित करें। स्कूल के बच्चों को मेरिट में लाएं।

# विश्व रक्तदाता दिवस पर 500 से अधिक रक्तवीरों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूकोना

रेड ड्रॉप फ्रेंड्स क्लब छत्तीसगढ़ द्वारा विशाल रक्तदान शिविर एवं रक्तदाताओं का सम्मान समारोह कर्मा भवन जीई रोड सुपेला भिलाई में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अमित साहू थे। विशेष अतिथि के रूप में डॉ संजय अग्रवाल डायरेक्टर हाइटेक हॉस्पिटल, डॉ संतोष राय कामर्स गुरु, नवीन कॉमर्स क्लास, तुलसी साहू प्रदेश मंत्री पिछड़ा वर्ग मोर्चा, एमके साहू समाजसेवी, डा. मानसी गुलाटी, खिलावन साहू कार्यकारिणी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ, खेदराम साहू अध्यक्ष साहू मित्र सभा, गिरवर बंटी साहू सभापति नगर पालिक निगम भिलाई, रमेश साहू सलाहकार छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ, लखन साहू महासचिव छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ, प्रेम किशन साहू फाउंडर रेड ड्रॉप क्लब्स, भाजपा युवा नेता भोला साहू, यशवंत साहू, रामकुमार साहू सहसचिव जिला साहू संघ, भिलाई नगर, डॉ मोहित साहू संरक्षक जिला साहू संघ दुर्ग, अंतरा गोवर्धन, अखिलेश तिवारी आदि उपस्थित रहे।

बता दें कि विश्व रक्तदाता दिवस पर 14 जून को मां कर्मा भवन सुपेला भिलाई में रक्तदान शिविर एवम् रक्तदाता सम्मान समारोह का आयोजन रेड ड्रॉप्स फ्रेंड्स क्लब भिलाई द्वारा किया गया था। जिसमें मां चण्डी रक्तदाता सेवार्थ समिति महासमुंद को सेवा के 6 वर्ष पूरा करने पर भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता अमित साहू के हाथों सम्मानित किया गया। जिसमें संस्था के सदस्य संतोष कुमार सेन, सूरज ठाकुर सम्मिलित हुए। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक संस्थाएं जीवनदान सेवा संस्था से योगेश मानिकपुरी, मनीष, फानेंद्र जैन द्वारा 130वीं रक्तदान, रक्त वीर राज अढातिया 125 वीं बार, नवदृष्टि फाउंडेशन, डोनेट थोड़ा सा अभिजीत पारख,



साईनाथ जन सेवा समिति जी.माधवराव, प्रजा सेवा समिति जेडी खान, नरोत्तम वर्मा बालाजी ब्लड बैंक, रक्तदान महादान मरोदा से विक्रम रमन प्रवीण गुलशन, मां चंडी रक्तदाता सेवार्थ समिति बागबाहरा, युवा शक्ति संगठन बोरसी से प्रशांत साहू, खिलेंद्र वेद प्रकाश, अनुविभागीय पत्रकार संघ पाटन अध्यक्ष किशन हिरवानी, पप्पू साहू, छात्र युवा मंच, क्षेत्रीय युवा प्रकोष्ठ, ओएचटीएच फाउंडेशन शिवजी अर्पण सेवा समिति, ब्लड डोनर फाउंडेशन भानु प्रतापपुर, मां महामाया रक्तदाता सेवार्थ समिति, डीवी रक्तदान महादान दल्लीराजहरा, प्रमा फाउंडेशन प्रेम देवांगन सहित अन्य संस्थाओं का सम्मान किया गया।

# हिंदू साम्राज्य दिवस पर निकली शोभायात्रा

## जगह-जगह पुष्प वर्षा से हुआ स्वागत

**महासमुंद।** श्रीराम सेना द्वारा हिंदू साम्राज्य दिवस के अवसर पर 14 जून को शोभायात्रा निकाली गईं। शोभायात्रा में शिवाजी महाराज के स्वरूप में सजे युवक, झांकियों ने लोगों में उत्साह का संचार किया। शोभायात्रा का लोगों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। श्रीराम सेना द्वारा संध्या 4 बजे श्रीराम जानकी मंदिर से प्रारंभ हुई भव्य शोभायात्रा शहर के महामाया मंदिर चौक, बिठोबा चौक, अंबेडकर चौक, स्वामी चौक से हनुमान मंदिर में भारत माता की आरती के साथ समाप्त हुई। शोभायात्रा में आकर्षण का मुख्य केंद्र शिवाजी महाराज की जीवंत झांकी रथ पर सवार अनिकेत राव गड़ाक, डीजे की धुन और आतिशबाजी रहे। अंबेडकर चौक में वार्ड-25 के पार्षद भाऊराम साहू, नेहरू चौक में आरएसएस द्वारा शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। श्रीराम सेना के कार्यकर्ताओं ने कहा कि धरती पर कुछ ऐसी हस्तियां जन्म लेती हैं, जिनके कर्म और विचार सदियों तक लोगों के लिए प्रेरणा बन जाते हैं। ऐसे ही व्यक्तित्व के स्वामी छत्रपति शिवाजी महाराज हुए, इसलिए महान मराठा छत्रपति शिवाजी की जयंती को एक पर्व की तरह मनाया जाना चाहिए। शिवाजी एक ऐसे महान योद्धा थे, जो अपने जीवन में बहुत पहले ही युद्ध के लिए तैयार हो गए थे और उन्होंने कई युद्ध लड़े थे। वह एक भा र ती य योद्धा और मराठा वंश के सदस्य थे। उनके पिता शाहजी भोसले एक सेनापति थे और उनकी मां जीजाबाई एक धार्मिक महिला थीं। उन्होंने अपनी माता से प्राप्त ज्ञान को अपने जीवन में उतार लिया था। शिवाजी महाराज बचपन से ही सामंती प्रथा के खिलाफ थे और उन्होंने मुगल शासकों की क्रूर नीतियों का जमकर विरोध किया था। इसी जोश के कारण उन्होंने मुगलों को धूल चटाई थी। शोभायात्रा को सफल बनाने में श्रीराम सेना के प्रथित तिवारी, गुलाब ठाकुर, राज साहू, शुभम



टोंडेकर, नितीन चौहान, चंद्रहास साहू, चंद्रकात साहू, राहिल गुप्ता, आर्यन तारक, लवेश साहू, मुरली सिंह राजपूत, कुंदन थानेकर, प्रभु श्रीवास्तव, अनुराग मारकंडे, रौनक साहू, रामेश्वर साहू, हर्ष पटेल, गुलशन साहू आदि का योगदान रहा।

# केंदूढार में फुलझर क्रिकेट संघ का चुनाव शैलेंद्र अध्यक्ष व चूड़ामणि बने सचिव

## शिशुपाल पर्वत के नाम से होगा शिशुपाल कप टूर्नामेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

फुलझर क्रिकेट संघ की बैठक रविवार 15 जून को केंदूढार में हुई। जिसमें कार्यकारिणी समिति के 3 वर्ष पूर्ण होने पर निर्वाचन कार्य हुआ। चुनाव अधिकारी के रुप में उमाशंकर भोई, अरुण विशाल ने समिति के बायलाज के अनुसार चुनाव प्रक्रिया संपन्न किया। जिसमें सभी पदों पर सर्वसम्मति से कार्यकारिणी का चुनाव करवाया गया। सर्वसम्मति से अध्यक्ष के रुप में शैलेंद्र साहू पप्पू को चुना गया। सचिव चूड़ामणि साहू तथा कोषाध्यक्ष गिरजाशंकर स्वर्णकार चुने गये। उपाध्यक्ष डा सोमनाथ पांडे, मनोज नंद तथा युधिष्ठिर साहू बने। संयुक्त सचिव देवदत्त बारीक, निरदास मानिकपुरी, भिमेश्वर साहू, खितिपति साहू को चुना गया। सलाहकार सुनील साहू, गजानन नायक, निर्मल प्रधान, संगठन सचिव मालिकराम पटेल, राकेश साहू, अनंत नायक चुने गये। पीआरओ उमाशंकर ध्रुव को नियुक्त किया गया। संरक्षक के रुप में कामता पटेल, तुलसी साव, सतीश साहू, मिनकेतन पटेल, अनिमेष बढ़ई, सदस्य के रुप में नीलांचल पांडे, ओमप्रकाश जगत कार्यकारिणी में रहे। बैठक में अंचल के प्रसिद्ध शिशुपाल पर्वत के नाम से शिशुपाल कप क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू करने पर निर्णय लिया गया। जिसका आयोजन स्थल बाद में चयन किया जाएगा। इस दौरान वर्ष भर के आय-व्यय का पूरा विवरण सभी को बताया गया।

बैठक समाप्ति के बाद अहमदाबाद हवाई दुर्घटना में दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी गई। उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की गयी। उनको नमन करते हुए दो मिनट का मौन श्रद्धांजलि रखा गया।





### कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष बैज का विधायक चातुरी नंद के नेतृत्व में हुआ जोरदार स्वागत

**सरायपाली।** रायगढ़ प्रवास के दौरान सरायपाली आगमन पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज का क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। स्वागत पश्चात कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज न्यू विश्राम गृह पहुंचे और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं से संगठन के कई अहम विषयों पर चर्चा की। इस दौरान पूर्व नपा अध्यक्ष अमृत पटेल, ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आरएन आदित्य, ग्रामीण अध्यक्ष पुष्पेंद्र पटेल, महिला नेत्री दीपांजलि बारीक, सीता पटेल, हेमा श्रीवास, जयकुमारी नायक, कमल अग्रवाल, परमानंद नायक, सुरेश पटेल, गोपाल अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि भरत मेश्राम, दीपक साहू, पूर्व पार्षद सुरेश भोई, अरमान हुसैन, पार्षद रमीज रजा, पंकज बीसी, अनस खान, केशव अग्रवाल, राजेंद्र यादव, जयंत यादव, दुष्यंत साहू सहित वरिष्ठ नेता एवं कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए।

# अभ्यास स्कूल के बच्चों को पहले दिन से मिली किताबें और गणवेश, पढ़ाई भी शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शासकीय अभ्यास प्राथमिक शाला में सोमवार, 16 जून को शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगे गुब्बारों और प्राकृतिक सजावट से आकर्षक रूप दिया गया था। विद्यालय पहुंचने वाले नन्हें बच्चों का स्वागत तिलक लगाकर किया गया। नवप्रवेशी बच्चों को छत्तीसगढ़ शासन की योजनानुसार निःशुल्क गणवेश और पुस्तकों का वितरण किया गया। खास बात यह रही कि पहले ही दिन पढ़ाई भी शुरू कर दी गई, जिससे बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। अभिभावकों ने बताया कि अब बच्चों को पहले दिन से ही किताबें, यूनिफॉर्म और पढ़ाई मिल रही है, यह सरकार की अच्छी सोच और प्रतिबद्धता को



दर्शाता है। विधायक प्रतिनिधि निरांजना शर्मा ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यालय ही वह नींव है, जहां से सपनों की उड़ान शुरू होती है। आज के ये नन्हें कदम कल के मजबूत कंधे बनेंगे। शिक्षाविद् उषा शर्मा ने कहा कि सरकारी योजनाओं के तहत बच्चों को निःशुल्क गणवेश और पाठ्य सामग्री मिलना उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा में बड़ा कदम है। विद्यालय की प्रधान पाठक डेमेश्वरी गजेंद्र ने कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ एक सुरक्षित और प्रेरणादायी वातावरण मिले। इस मौके पर सहायक शिक्षक ममता डड़सेना, खेमिन साहू, कल्याणी फेकर और सरिता साहू सहित पूरे स्टाफ ने मिलकर बच्चों के स्वागत और सामग्री वितरण में सहयोग किया।

## पेज 09 का शेष

### फिल्म बनाने के लिए शिक्षक...

इसके बाद उसने लोकनाथ खुटे व उसकी पत्नी संगीता खुटे के ऊपर भरोसा करते हुए नगद 20000 रुपए 27 फरवरी 2024 को संगीता खुटे को दिय। जिसका 2222 रुपए का पहला किस्त 8 मार्च 2024 को संगीता खुटे ने रे घर पर आकर दी और संगीता खुटे के द्वारा कहा गया कि पैसा और रखे हो तो इसमें लगा फायदे वाली स्कीम है। जिसके बाद संगीता खुटे 10 मार्च 2024 को फिर उसके घर आयी और जिस पर उसने फिर से 20000 रुपए संगीता खुटे को दिया। उसके द्वारा कहा गया कि इसमें भी आपका 2222 रुपए प्रति माह का किस्त बनेगा। उनके द्वारा शेयर मार्केट संबंधी व्हॉट्सएप ग्रुप बनाया गया था, जिसमें उसे भी मार्च महीने में जोड़ा गया, साथ ही उनके द्वारा कहा गया कि इस स्कीम ज्योति ओगरे और पीतांबर चौधरी भी जुड़े है। चूंकि ज्योति ओगरे और पीतांबर चौधरी परिचित के है, जिनसे पूछने पर उन्होंने भी इस स्कीम में पैसे लगाने की बात कही गई। जिसके बाद 24 मार्च 2024 को 1,00,000 रुपए अपने मायके से लाई। फिर संगीता खुटे मुझे लेने घर आयी और अपने साथ अपने किराये के मकान में लेकर गई जहां घर में संगीता खुटे और उसके पति लोकनाथ खुटे दोनों की उपस्थिति में रकम संगीता को दी और कहा कि उक्त रुपए का मासिक किस्त 11111 रुपए बनेगा कहा गया। 8 अप्रैल 2024 को संगीता खुटे द्वारा पहले दिये गए 20000 रुपए के दूसरे किस्त 2222 और कहा गया कि 1,08,000 रुपए रखे हो तो दे दो आपको 12000 रुपए मासिक किस्त बनेगा। जिस पर उसने अपने मायके से लाकर 11 अप्रैल को 1,08,000 रुपए को संगीता खुंटे के हाथ में पैसा दिया और उनके द्वारा कहा गया कि आपका महीने किस्त 12000 रुपए बनेगा, जिसके बाद संगीता खुंटे व उसके पति लोकनाथ खुंटे द्वारा कहा गया कि आप निश्चित रहे आपके प्रत्येक माह स्क्रीम के आधार पर पैसा आपको रिटर्न किया जाएगा, अगर प्रॉफिट नहीं होता है तो हम अपने नाम की जमीन को बेच कर आपको स्कीम के आधार से ही आपका पूरा पैसा लौटाएंगे। महीना बितने के बाद जब किस्त लौटाने का समय आया तो आरोपी लोकनाथ खुटे एवं उसकी पत्नी संगीता खुटे द्वारा आज कल करके घुमाया गया। साथ ही कई महीने बीत जाने के बाद लोकनाथ खुंटे द्वारा सितंबर 2024 को व्हाट्सप से मैसेज किया गया कि तकनीकी दिक्कतों के कारण जिनका महीने का किस्त नहीं मिला है उनको अंतिम महिनों में पूरा किया जायेगा। इसके बाद प्रार्थिया अपने पति मनोज पटेल और अपने भाई अलेख पटेल के साथ पैसे को मांगने गयी तो संगीता खुटे एवं उसकी पति लोकनाथ खुटे बोले के हमारे पास अभी 2,48,000 नहीं है, हम आपको 3,00,000 रुपए का चेक दे रहे हैं जिसमे अतिरिक्त रकम को 2,48,000 रुपए को ब्याज समझ कर रख लेना और चेक को आप 15 मई 2025 को बैंक से निकाल लेना कहा। उसके बाद मेरे द्वारा लोकनाथ खुटे के नाम का एक्सिस बैंक का चेक लिया गया। जिसे 19 मई 2025 को एचडीएफसी बैंक शाखा सरायपाली में जमा किया तो वह चेक खाते में पर्याप्त रकम नहीं होने के कारण बाउंस हो गया। मामले में रिपोर्ट के बाद बसना थाने में आरोपियों के खिलाफ 420, 34 भादवि के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। विवेचना के दौरान पुलिस की टीम के द्वारा उक्त आरोपियों का पतासाजी कर सांकरा में जाकर घेराबंदी लोकनांथ खुंटे पिता स्व. चैतु खुंटे (39 वर्ष) सावित्रीपुर और संगीता खुंटे पति लोकनाथ खुंटे (37 वर्ष) सावित्रीपुर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस की पूछताछ पर प्रार्थिया निर्मला पटेल के साथ धोखाधड़ी करना स्वीकार किया और बताया कि वे दोनो ग्राम पलसापाली, कोटेनदरहा में सहायक शिक्षक के पद पर पदस्थ है। जल्दी अमीर बनने के चक्कर में दोनों के द्वारा शेयर मार्केट में पैसा 18 माह में पैसा दोगुना हो जाता है कहकर लोकलुभावन वादा कर निर्मला पटेल से 2,48,000 रुपए, पीतांबर पटेल ग्राम झारबंद 4,50,000 रुपए एवं ज्योति ओंगरे से 8,00,000 रुपए एवं हेमलाल बंजारा एवं दुर्पत लाल नायक दोनों से 3,75,000 रुपए कुल 18,73,000 रुपए तथा और कई लोगों से पैसा लेकर उनके द्वारा मूवी बनाने में खर्च किया गया और कुछ पैसा खाना पीने में खर्च किया, वर्तमान में उनके पास कुछ भी पैसा नहीं है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा है।

# बेसहारा बच्चों के लिए विशेष अभियान जिला साथी इकाई का गठन

## नालसा की साथी अभियान के क्रियान्वयन के संबंध में हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

बेसहारा बच्चों की पहचान कर उन्हें कानूनी सहायता एवं शासन के कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से साथी अभियान के तहत जिला साथी इकाई का गठन किया गया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के प्रबंध कार्यालय के अधिकार मित्र हरिचंद साहू ने बताया कि नालसा के साथी अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला न्यायाधीश अनिता डहरिया के मार्गदर्शन पर गठित जिला साथी इकाई के सदस्यों की बैठक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद की सचिव एवं साथी अभियान के समन्वयक आफरीन बानो द्वारा जिला न्यायालय महासमुंद के वीडियों कान्फ्रेसिंग कक्ष में आहूत की गई। जिसमें गठित साथी इकाई के संबंधित विभाग के अधिकारी एवं उनके द्वारा नामित की गई कर्मचारीगण उपस्थित थे।




बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव आफरीन बानो द्वारा उपस्थिति इकाई के सदस्यों को बताया कि नालसा द्वारा देशभर में बेसहारा बच्चों की पहचान करना और उनके आधार नामांकन, कानूनी सहायता और कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना है। ताकि, कोई भी बच्चे कानूनी हक एवं न्याय से वचित ना रहे। इसके लिए छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार जिला महासमुंद अंतर्गत जिला साथी इकाई का गठन किया गया है। जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों को शामिल किया गया है। नालसा के अभियान साथी के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला साथी इकाई का गठन किया गया है। इस अभियान में प्राधिकरण की सचिव कोर्डिनेटर के रूप में विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारियों से समन्वय स्थापित कर इस अभियान के संचालन किया जाएगा। जिसमें पुलिस विभाग से किशोर यूनिट के अधिकारी, तहसील अंतर्गत समस्त तहसीलदार या उनके द्वारा नामित अधिकारी-कर्मचारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत जिला बाल संरक्षण अधिकारी, बाल देख रेख संस्था से अधीक्षकगण, सामाजिक कार्यकर्ता, सभी तहसीलों क्षेत्र अंतर्गत के एक-एक पैनल अधिवक्ता तथा अधिकार मित्रों को शामिल किया गया है।

## खबर संक्षेप

### सिरपुर में बोल बम सेवा समिति की बैठक 20 को

**महासमुंद।** बोल बम कांवर यात्रा आयोजन एवं सेवा समिति सिरपुर की बैठक शुक्रवार 20 जून को सिरपुर स्थित यज्ञशाला में दोपहर 2 बजे रखी गई है। जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष थनवार यादव, उपाध्यक्ष सुंदर साहू व संजय पांडे ने बताया कि बैठक में बम्हनी से सिरपुर के लिए निकलने वाली कांवर यात्रा की व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा कर निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने समिति के सदस्यों व जुड़े सेवाभावी लोगों से बैठक में उपस्थित होने की अपील की है।

### पिथौरा में मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**महासमुंद।** सीएचसी पिथौरा में मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 19 मरीजों को फ्री मेडिसिन के साथ साइकोसोशल इंटेर्वेसन किया गया। मानसिक तनाव को कम करने के लिए टिप्स भी दिए गए। इस अवसर पर डॉ बीबी कोसरिया बीएमओ पिथौरा, डॉ चित्रेश डडसेना एमओ ब्लाक नोडल मानसिक स्वास्थ्य, जयकांत विश्वकर्मा बीपीएम, मेडिकल कालेज सह जिला चिकित्सालय महासमुंद से आरजी खूंटे आदि का सहयोग रहा।

### गहन डायरिया नियंत्रण कार्यक्रम प्रारंभ

**महासमुंद।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा गहन डायरिया नियंत्रण कार्यक्रम के तहत 16 जून से प्रारंभ शुभारंभ हुआ। 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों में ओआरएस एवं जिंक टैबलेट का वितरण किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से भाजपा मंडल महामंत्री एवं सरपंच राकेश साहू, भाजपा नेता संतोष पंडा, प्रभारी चिकित्सक सुभाष पटेल, एमपीडब्ल्यू योगेश मिश्रा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मनीषा श्रीवास्तव, सहायिका नागेश्वरी यादव, मितानीन बोधनी देवांगन, मंजू देवी यादव उपस्थित रहे।

### डुडुमचुवा में ग्राम उत्कर्ष अभियान शिविर आज

**सरायपाली।** ग्राम डुडुमचुवा में 17 जून को सुबह 10 बजे ग्राम उत्कर्ष अभियान शिविर का आयोजन किया गया है। जिसके संबंध में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नम्रता चौबे द्वारा विकासखंड के समस्त विभाग के ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक जनपद पंचायत भवन में ली गई। जिसमें एसडीएम ने बताया कि भारत जनजातिय मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा आदिवासियों के उत्थान के लिए महत्वपूर्ण योजना क्रमशः जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जनमन) एवं धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिसमें विकासखंड के चिन्हित गांव में 17 जून से 27 जून तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसकी शुरुआत ग्राम डुडुमचुवा से किया जा रहा है। इस शिविर में ग्राम मोहनमुंडा, काकेनचुवा, मौहाडीपा व कोसमपाली के ग्रामीण इस शिविर का लाभ लेंगे। इस शिविर में आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, स्वास्थ्य जांच, सिकल सेल स्क्रीनिंग एवं काउंसलिंग, जाति प्रमाण पत्र, आदिवासी प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, जनधन खाता, सामाजिक सुरक्षा वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, रोजगार और आजीविका योजनाएं, महिला एवं बाल विकास कल्याण बीमा आदि तैयार की जाएगी।

## बैठक : कलेक्टर ने ली पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक

# धरती आबा कार्यक्रम अंतर्गत शिविर आज से, कलेक्टर ने की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

जिले में आदिवासी विकास तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं की प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिला पंचायत के सभाकक्ष में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर विनय लंगेह, जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, तथा सहायक आयुक्त शिल्पा साय आदिवासी विकास विभाग उपस्थित रहे। इस दौरान सभी जनपद सीईओ एवं मंडल संयोजकों को शिविरों के सफल क्रियान्वयन के लिए जरूरी निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर यह भी निर्देशित किया गया कि शिविरों में विभिन्न विभागों की योजनाओं का एकीकृत क्रियान्वयन हो, जिससे ग्रामीणों को एक ही स्थान पर सभी लाभ मिल सकें। यह शिविर पंचायत स्तर पर आयोजित किए जाएंगे और इनका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में शामिल अधिकारियों ने विभिन्न योजनाओं की प्रगति से संबंधित जानकारी दी और अपने क्षेत्रों में शिविर आयोजन की तैयारियों को साझा किया। कलेक्टर लंगेह ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य केवल योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि अंतिम व्यक्ति तक उसका लाभ पहुंचे।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने धरती आबा कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि 17 जून से प्रारंभ हो रहे शिविरों का आयोजन समयबद्ध और प्रभावी ढंग से किया जाए। जनपद स्तर के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने क्षेत्र में शिविरों की निगरानी स्वयं करें एवं हितग्राहियों को समय पर योजना का लाभ मिलना सुनिश्चित करें।

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने मंडल संयोजकों को निर्देश दिए कि सभी आवश्यक दस्तावेज और योजनाओं की जानकारी शिविर स्थल पर उपलब्ध होनी चाहिए। हितग्राहियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए पूर्व से सूचना प्रचार-प्रसार कराया जाए। उल्लेखनीय है कि जिले के 306 ग्रामों के जनजातीय समुदायों तक सरकारी योजनाओं और सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने जागरूकता व लाभ शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिले में पहले दिन 17 जून को महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम रुमेकेल, बागबाहरा अंतर्गत ग्राम टेढ़ीनारा, पिथौरा अंतर्गत गोपालपुर में एवं सरायपाली विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत डूडूमचुंवा में शिविर लगाया जाएगा।



### आवास एवं महतारी सदन को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी सदन आदि में प्रगति धीमी नहीं होनी चाहिए। अपूर्ण आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने के लिए लक्षित प्रयास किए जाएं। संबंधित अधिकारियों को जवाबदेह बनाते हुए मॉनिटरिंग की व्यवस्था सख्त करने के निर्देश दिए गए। महतारी सदन के निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि जिन पंचायतों में महतारी सदन अधूरे हैं, उन्हें प्राथमिकता पर लेकर तत्काल पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि यह महिला सशक्तिकरण से जुड़ी महत्वपूर्ण पहल है, अतः किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं निर्माण एजेंसी के अधिकारी मौजूद थे।

# नपाध्यक्ष के निर्देश पर सब्जी मंडी में चलाया गया विशेष सफाई अभियान



हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के निर्देश पर बस स्टैंड तथा सब्जी मंडी परिसर में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें सब्जी मंडी सहित मार्केट में फैली गंदगी, सब्जियों के अवशेष, कूड़ा कचरा तथा मार्केट व बस स्टैंड परिसर से गुजरे नालियों की सफाई कर कचरा को अन्यत्र व्यवस्थित किया गया। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष साहू ने उपस्थित रहकर सफाई कर्मियों को ठीक ढंग से सफाई करने सख्त निर्देश दिए। उन्होंने सब्जी व्यवसायियों तथा आम नागरिकों से कचरा नालियों में न डालकर निर्धारित स्थान पर एकत्र करने की अपील की। इस अवसर पर स्वच्छता पर्यवेक्षक, अधिकारी, कर्मचारी व सफाई कर्मी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# स्वामित्व योजना के तहत 18 को जिलेभर में आयोजित होगी विशेष ग्रामसभा

महासमुंद। भारत सरकार की स्वामित्व योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में रहवासियों को अधिकार अभिलेख प्रदान करने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा सक्रिय प्रयास किए जा रहे है। इसी क्रम में 18 जून 2025 को विशेष ग्राम सभा आयोजित की जाएगी। जिला कलेक्टर कार्यालय, भू-अभिलेख शाखा एवं पंचायत शाखा द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, अब तक जिले के कई ग्राम पंचायतों में ग्रामसभा प्रस्ताव पारित न होने के कारण हितग्राहियों को संपत्ति अभिलेख प्रदान नहीं हो सका है, जिससे अनेक प्रकरण लंबित हैं। इन प्रकरणों के शीघ्र समाधान के उद्देश्य से यह विशेष ग्राम सभा बुलाई जा रही है। ग्राम सभाओं में संबंधित गांवों के पात्र गृह स्वामियों के लिए प्रस्ताव पारित किए जाएंगे, जिससे उन्हें स्वामित्व प्रमाण पत्र समयबद्ध रूप से प्रदान किया जा सके। यह प्रमाण पत्र ग्रामीणों की संपत्ति पर अधिकार की वैधता सुनिश्चित करता है और उनके आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण में सहायक होता है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने समस्त जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि विशेष ग्राम सभा के आयोजन को प्राथमिकता देते हुए उसकी पूरी तैयारी सुनिश्चित करें, ताकि योजना अंतर्गत सभी पात्र हितग्राहियों को लाभ मिल सके और किसी भी प्रकार की विलंब की स्थिति उत्पन्न न हो।

# तीन महीने का चावल बांटना असल में अपनी बला को हितग्राहियों के कंधों में डालना है : अंकित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

खल्लारी विधानसभा के कांग्रेसी नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि वर्तमान की डबल इंजन सरकार में चावल उत्सव के नाम पर हितग्राहियों को छाला जा रहा है और तीन महीने का चावल बांटना असल में अपनी बला को हितग्राहियों के कंधों में डालना है। अंकित ने बताया कि तीन महीनों का चावल एक साथ देने के पीछे सबसे बड़ी वजह है कि वर्तमान डबल इंजन सरकार में केंद्र और राज्य के पास प्रोसेस हुए चावल को रखने की जगह नहीं है और कुछ दिनों में चावल खराब होना शुरू हो जाता। दूसरी बड़ी वजह है कि अभी उपलब्ध ई पॉस मशीन का टेंडर मार्च में खत्म हो गया। बताते हैं और इस कारण फिंगर स्कैनिंग के जरिए खाद्यान्न बांटना मुश्किल हो चुका है। शासन ने इसके लिए एलओ पोश मशीन को, एलआई पोश मशीन से बदलने ऑर्डर भी निकाला है, जो आज दिनांक तक उपलब्ध नहीं हो पाई है। और केंद्र और राज्य के कोटे के चावल को लेने के लिए प्रत्येक हितग्राही को तीनतीन बार अंगूठा लगाना पड़ रहा है और पोश मशीन का टेंडर खत्म हो जाने के चलते अब ओटीपी के जरिए तीन माह के चावल के लिए 6-6 बार ओटीपी प्रत्येक कार्ड धारक से मंगवाने का काम करना पड़ रहा है। जिसके कारण एक दिन में प्रत्येक राशन दुकानों में सुबह से रात तक लाइन लगाना पड़ रहा है और दो-दो दिन लग रहे हैं और वितरक चाह कर भी चावल वितरण जून अंत तक नहीं कर पाएंगे, जिससे वितरक और हितग्राही दोनों को दिक्कत आएगी।



अब ओटीपी आवश्यक कर देने के पश्चात अधिकतर हितग्राहियों खासकर गरीबी रेखा के कार्डधारियों या बुजुर्गों का आधार 2010 –11 का कार्ड लिया हुआ है, उसके नंबर अब बदल चुके हैं तो अब हितग्राहियों को अब लाइन लगाकर आधार में अपना नया मोबाइल नंबर लेकर पुनः अपडेट करना पड़ रहा है, और उसमें प्रत्येक हितग्राही के आधार अपडेट और मोबाइल रिचार्ज के नाम पर सैकड़ों रुपए आने जाने में खर्च हो रहे हैं। अंकित ने बताया कि डबल इंजन की भाजपा सरकार को चाहिए कि तत्काल नई मशीन राशन दुकानों में उपलब्ध करवाए और फिर से फिंगर से ही वितरण तत्काल शुरू हो। दूसरा चावल वितरण में आ रही समस्या को तत्काल दूर करें और उसे सरलीकृत कर आम जन को उसका लाभ पहुंचवाए ना कि प्रत्येक कार्डधारी से सैकड़ों रुपए खर्च करवा चार चार दिन लगवाए।

## अमृत काल के 11 साल बेमिसाल, सेवा, सुशासन और संकल्प का प्रतीक



हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

विकसित भारत का अमृतकाल सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 11 वर्ष के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला सिरपुर के विश्रामगृह (रेस्ट हाउस) में हुई। जिसमें मुख्य वक्ता थानसिंग दीवान ने कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन प्रदान किया। हाल ही में अहमदाबाद में हुए दुखद विमान हादसे में मारे गए लोगों एवं गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के आकस्मिक निधन पर कार्यकर्ताओं ने गहरा शोक व्यक्त किया एवं दो मिनट मौन रखकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की जानकारी मनोज यादव भावरिया ने दी।

## जागरुकता कार्यक्रम...



**महासमुंद।** विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरुकता दिवस के अवसर पर समाजसेवी डॉ एकता लंगेह के मार्गदर्शन में आशियाना वृद्धाश्रम में वृद्धजनों संग जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान डा. एकता ने कहा कि बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार एकल या बार-बार होने वाली घटना या उचित कार्रवाई की कमी के कारण किसी भी रिश्ते में घटित हो सकती है। कार्यक्रम के पश्चात अतिथियों ने बुजुर्गों को कपड़े और आवश्यक सामग्री भेंट किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद सभी ने बुजुर्गो श्रीमती लंगेह के सथ भोजन किया।




# खाद्य सुरक्षा सतर्कता समिति का गठन



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बागबाहरा

नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत विभिन्न वार्डों में संचालित राशन दुकानों के लिए राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा सतर्कता समिति का गठन किया गया। इस दौरान वार्ड क्रमांक आठ स्थित राशन दुकान में खिलेश्वरी छोटू बघेल के नेतृत्व में सतर्कता समिति ने दुकान के संचालन को देखकर सेल्समैन को समझाइश दी। नपाध्यक्ष खिलेश्वरी छोटू बघेल ने सेल्समैन व सतर्कता समिति से कहा कि कोई भी पात्र लाभार्थी खाद्य सुरक्षा की सूची में आने से वंचित नहीं रहे। समिति उचित मूल्य दुकानों के आवंटन, आपूर्ति-पहुंच व वितरण पर निगरानी करते हुए यह तय करे कि पात्र व्यक्ति तक राशन सामग्री पहुंच रही है या नहीं। इस अवसर पर सतर्कता समिति के अध्यक्ष मेनका पोखराज साहू, पार्षद मंता यादव, पार्षद मिथुन अमीर, पार्षद थानू राम पाण्डे सहित निगरानी समिति के सदस्य रतन कौर, उर्मिला, कमला एवं हितग्राही व वार्डवासी मौजूद थे।

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील कोमाखान, जिला महासमुंद (छ.ग.)**

//ईश्तहार//

ग्राम नर्रा, प.ह.न. 20,
रा.नि.मं कोमाखान
तहसील कोमाखान, (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि, आवेदक- रवि पटेल पिता श्री टीकेराम पटेल जाति मरार निवासी नर्रा तहसील कोमाखान जिला महासमुन्द (छ.ग.) के द्वारा अपनी माता सोनिया पटेल की मृत्यु दिनांक 12.11.2003 को ग्राम नर्रा में हुआ है। उक्त मृत्यु का पंजीयन नहीं हो पाने के कारण आवेदक रवि पटेल द्वारा उक्त तिथि में अपनी माता सोनिया पटेल के मृत्यु दिनांक 12.11.2003 घटना पंजीकृत किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/उजर/ दावा या आपत्ति हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 30.06.2025 को उपस्थित हो कर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त का आक्षेप/उजर/दावा/आपत्ति अथवा आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 16.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
कोमाखान



## नवप्रवेशी विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तक देकर मनाया प्रवेशोत्सव

**महासमुंद।** नवीन शिक्षा सत्र के पहले दिन शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों का टीका लगाकर तथा मुंह मीठा करा कर स्वागत किया गया। इस अवसर प्राचार्य जीआर सिन्हा द्वारा कक्षा नवमीं के नवप्रवेशी तथा दसवीं के विद्यार्थियों को पाठ्य-पुस्तक प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन तोषण गिरि गोस्वामी तथा आभार प्रदर्शन ज्योति किरण चंद्राकर ने किया। इस अवसर पर विमल मन्नाडे, संजय मांझी, पूजा साहू, हेमंत खुंटे, कीर्तन साहू, आशीष देवांगन, देवेंद्र शर्मा, तपस्या शर्मा, चंद्रशेखर मिथलेश, अनिता साहू , दुर्गेश नंदिनी, नोबल ध्रुव, बेला मारू, तुलसी साहू, प्रज्ञा लांजेवार, भारती यादव सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा विद्यार्थी उपस्थित थे।




## गुरु घासीदास प्राथमिक शाला में प्रवेशोत्सव का आयोजन

**महासमुंद।** गुरु घासीदास प्राथमिक शाला में प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें नवप्रवेशी बच्चों का उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया। इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 22 के पार्षद चंद्रशेखर बेलदार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बेलदार ने आरती कर और मिठाई खिलाकर सभी नन्हे-मुन्ने बच्चों का स्वागत किया, जिससे उनके चेहरे खिल उठे। उन्होंने बच्चों को नई गणवेश (यूनिफॉर्म) भेंट की।



## ज्ञान गंगा में मनाया प्रवेशोत्सव

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के ज्ञान गंगा विघालया में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस दौरान विघालय के सचिव विष्णु चंद्राकर, शिक्षक लता चंद्राकर, नीलम कोसरो, मोनिका चंद्राकर, झरना पटेल, रुखमणी सारथी, हर्ष यादव, वर्षा सारथी आदि मौजूद रहे।

**शिक्षा :** छात्रों को गणवेश बांटे, एक पेड़ मां के नाम लगाने पर दिया जोर

# बंसुला में सरपंच ने नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

शासन के आदेशानुसार तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी जेआर डहरिया एवं बीआरसी पूर्णानंद मिश्रा के मार्गदर्शन में प्राथमिक तथा पूर्व माध्यमिक शाला बंसुला में प्रवेश उत्सव का आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में बंसुला गांव के सरपंच नवीन साहू, संकुल प्रभारी बलदेव मिश्रा, संकुल समन्वयक गोवर्धन डडसेना उपस्थित थे। सर्वप्रथम अतिथियों का स्वागत तिलक लगाकर किया गया। पश्चात कक्षा पहली एवं कक्षा छठवीं में प्रवेश लेने वाले सभी छात्र-छात्राओं को नवीन साहू सरपंच ने तिलक लगाकर स्वागत किया और साथ में गणवेश वितरित किया। इस अवसर पर सरपंच ने अपने उद्बोधन में विद्यालय के सभी कमियों को पूरा करने का आश्वासन दिया। बलदेव मिश्रा ने अपने संबोधन में नवप्रवेशी बच्चों को शुभकामनाएं प्रदान की। संकुल समन्वयक गोवर्धन डडसेना ने एक पेड़ मां के नाम लगाने के लिए सभी बच्चों से आग्रह किया। युक्तियुक्तकरण के तहत आई हुई नवपदस्थ शिक्षिका मंदाकिनी प्रधान का पूरे स्टॉफ द्वारा स्वागत किया गया। आभार प्रदर्शन दिनेश डडसेना प्रधान पाठक एवं कार्यक्रम का संचालन राजेश भोई ने किया। कार्यक्रम में प्रधान पाठक प्रवीर कुमार बेहेरा, अनिता साहू, सुजाता प्रधान, सीता साहू, पुष्पांजलि यादव, राजेश साव, चमेली सागर, उतरा चौहान का विशेष योगदान रहा। इस कार्यक्रम में बहुत अधिक संख्या में माताएं एवं स्कूल के बच्चे उपस्थित थे।






## बकमा स्कूल में संयुक्त रूप से मनाया गया प्रवेशोत्सव

**बागबाहरा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय बकमा प्राथमिक शाला बकमा में संयुक्त रूप से प्रवेश उत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत बकमा के सरपंच लीलेश्वर साहू, उपसरपंच कमल नारायण साहू, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि मिलन साहू, एसएमडीसी अध्यक्ष हरख राम साहू, एसएमसी अध्यक्ष हुकुमचंद चक्रधारी, धनेश्वरी साहू, आओ दिनेश्वरी साहू, सी राजेंद्र पटेल, भुनेश्वर पटेल, संस्था के प्रभारी प्राचार्य कुश कुमार साहू, लीला पटेल, खिलावन वर्मा कौशल्या ठाकुर, डेविड कुजूर, ऋषि साहू, पीतांबर लाल सेन, सोनामणि तिर्की, केतन साहू, छगन दीवान, अनुरूद चौधरी, नंदनी चंद्राकर, अन्नपूर्णा चंद्राकर, चंद्रिका महिलाने, संतोषी ध्रुव, ग्राम के नागरिक एवं कक्षा पहली से 12वीं तक के बच्चे मौजूद रहे। प्राथमिक मिडिल बच्चों को गणवेश वितरण किया गया एवं नवमीं दसवीं के बच्चों को पाठ्य पुस्तक वितरण किया गया। छात्रों को तिलक लगाकर मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया।

# दुर्गापाली स्कूल में प्रवेशोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली (ग्रामीण)

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्गापाली में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोना राजकुमार पटेल सरपंच ग्राम पंचायत दुर्गापाली, अध्यक्षता निमंकर पटेल प्राचार्य, विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत व विद्यालय प्रबंधन समिति के पदाधिकारीगण व पालकगण उपस्थित थे।

सर्वप्रथम मां सरस्वती के पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। पश्चात अतिथियों द्वारा कक्षा नवमी के नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, मिष्टान्न खिलाकर व पुस्तक भेंट कर भव्य रूप से स्वागत किया गया। साथ ही विद्यालय में नवपदस्थ शिक्षक देवराज पाणिग्रही, शिक्षिका धनेश्वरी साहू का तिलक लगाकर ,गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि सरपंच ने विद्यार्थियों को नियमित स्कूल आने व सभी को प्रवेश लेकर अनुशासित ढंग से पढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य निमंकर पटेल ने संबोधित करते हुए प्रवेश उत्सव मनाने के उद्देश्यों, शत- प्रतिशत बच्चों को प्रवेश दिलाने के लिए जनसहभागिता से कार्य करने पर प्रकाश डाला व सालभर चलने वाले शैक्षिक गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम में शिक्षकगण सीता सिंह, पुनीत लाल चौधरी, राजेश पंडा, जयदेव साहू, एकता शर्मा, भूपेंद्र खूंटे, स्टॉप आशीष दीवान, रजनी राठिया, सत्यप्रकाश मुकर्जी व विद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता शिवप्रसाद पटेल ने किया।



# गढ़पटनी स्कूल में मनाया गया प्रवेशोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

शासकीय प्राथमिक शाला गढ़पटनी में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती के चरणों में सरपंच लक्ष्मी पटेल, भूतपूर्व सरपंच प्रतिनिधि कैलाश भोई ने मां सरस्वती के छायाचित्र पर पुष्प एवं गुलाल चंदन लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पश्चात नवप्रवेशी बच्चों को तिलक एवं गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। प्रधान पाठक सरविंद सिदार ने कहा कि नया शिक्षा सत्र 16 जून से प्रारंभ हो रहा है, सभी बच्चे नियमित स्कूल आए। स्कूल के गतिविधियों का लाभ लेंगे। खेल खेल में शिक्षा, निशुल्क पाठ्य-पुस्तक, गणवेश, पौष्टिक मध्यान्ह भोजन खेल सामग्री, प्रदान किया जाता है और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा का अध्यन किया जाता है। आप सभी माता-पिता से अनुरोध है कि बच्चों का प्रवेश दिलाए। कोई भी शिक्षा से वंचित ना हो। सहायक शिक्षक लगन नाग, उमा कैवर्त, विधुमति कर, बुद्धेश्वरी डड़सेना, निर्मला कैवर्त, रोशन पटेल उप सरपंच, खीरवंती भोई शिक्षिका, सुखराम कलेत आदि मौजूद रहे।

## पचेड़ा में नवप्रवेशी छात्रों का स्वागत कर मनाया प्रवेशोत्सव

**महासमुंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचेड़ा में शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उपस्थित अतिथियों द्वारा नवप्रवेशी बच्चों का गुलाल लगाकर स्वागत करते हुए पुस्तक वितरण किया गया। इस मौके पर थनेश्वरी साहू जनपद सदस्य व सरपंच श्याम बाई टंडन ने नवप्रवेशियों का स्वागत किया। शत्रुघ्न साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि शाला प्रवेश उत्सव मनाने का मूल उद्देश्य है कि बच्चों में शिक्षा के प्रति लगाव एवं जागरूकता को बढ़ावा देना है। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अशोक साहू ने अपने संबोधन में स्कूल के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं और अध्ययनरत बच्चों को शाला लगने का समय का विशेष ध्यान रखते हुए अनुशासन में रहने को कहा। मानिक लाल टंडन उपाध्यक्ष ग्राम विकास समिति पचेड़ा ने कहा कि बच्चे स्कूल नियमित आएं और शिक्षा अध्ययन कर अपने भविष्य को सुरक्षित एवं शिक्षित बनने प्रेरित किया। संस्था के प्राचार्य ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य विजय घाडगे, थनेश्वरी साहू जनपद सदस्य, प्रहलाद साहू, श्याम बाई टंडन सरपंच ग्राम पंचायत पचेड़ा, जितेन्द्र टंडन सरपंच प्रतिनिधि, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अशोक साहू, शेख अल्लाउद्दीन, शत्रुहन साहू सक्रिय सदस्य, मानिक लाल टंडन उपाध्यक्ष ग्राम विकास समिति पचेड़ा, माधोराम साहू अध्यक्ष ग्राम विकास समिति पचेड़ा, दिलीप नारंग सचिव ग्राम विकास समिति पचेड़ा, भोजराम निषाद पंच, सेवकराम साहू, गुलाब साहू पंच, बसंत नारंग, शिक्षकगण ओमप्रकाश धरमवंशी, घृतलहरे एवं स्टाफ के समस्त शिक्षिकागण और शाला के समस्त विद्यार्थी उपस्थित थे। उक्त जानकारी मानिक लाल टंडन ने दी है।



# खुटेरी स्कूल में धूमधाम से मनाया गया प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अरंड (पिथौरा)

ग्राम खुटेरी में शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम खुटेरी के सरपंच सुशीला मांझी, उपसरपंच गेसराम पटेल, पंच गण भोजकुमारी पटेल, लिलेश्वरी ध्रुव, आरती सिन्हा, शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष द्वय महेश ध्रुव, हंसराज निषाद, पूर्व सरपंच घनश्याम धाँधी, गायत्री साहू के साथ-साथ जिला महासमुंद से सहायक संचालक नंदकुमार सिन्हा, एपीसी विद्या साहू तथा विकासखंड कार्यालय पिथौरा से बीआरसीसी नरेश कुमार पटेल, साक्षरता नोडल अधिकारी अरुण कुमार देवता, संकुल प्राचार्य एसएस पटेल, तेजराम यादव, अजय तांडी, रामलाल पटेल की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। उपस्थित अधिकारियों और अतिथियों के हाथों नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगा मुंह मीठा कर गणवेश प्रदान किया गया। प्रवेशोत्सव के प्रथम दिन पालेश्वर पटेल प्रभारी प्रधान पाठक, डोलामणी साहू प्राथमिक प्रधान पाठक, शिक्षिकाद्वय प्रभाकिरण ध्रुव, अनिता बरिहा द्वारा अपने जन्मदिन पर संयुक्त रूप से न्योता भोज का आयोजन भी किया गया। साथ ही विद्यालय परिवार खुटेरी के नवागंतुक शिक्षिका कुमुदिनी बरिहा का अभिनंदन किया गया और प्राथमिक विद्यालय खुटेरी के सहायक शिक्षक कन्हैयालाल पटेल स्थानांतरित होने पर भावपूर्ण विदाई दी गई। आज का दिवस प्रवेश उत्सव ही नहीं बल्कि महोत्सव के रूप में मनाया गया। क्योंकि, विद्यालय खुटेरी ने भूतपूर्व छात्रों को भी आमंत्रित कर प्रतिभावान छात्रों को इस महती सभा में पुरस्कृत किए। गत सत्र 2024-25 में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालय के प्रत्येक कक्षा के छात्रों को पुरस्कृत किया गया। उल्लेखनीय है कि प्रबंध समिति में प्रतिनिधि गायत्री साहू द्वारा बच्चों के लिए पुरस्कार की व्यवस्था की गई। इस आयोजन में बच्चों ने आकर्षक स्वागत नृत्य और आओ स्कूल चले हम जैसे नृत्य प्रस्तुत किए। कार्यक्रम संयोजन में अभिनन्दन नाग, नरसिंग पटेल, भूपेंद्र सिंह ठाकुर का उल्लेखनीय योगदान रहा। ग्राम खुटेरी से पालक नागरिक युवाओं में प्रमुख रूप से दशरथ साहू, सुखरू मांझी, कृष्णा ध्रुव, गजानंद निषाद, पालूराम पटेल, लेखराम ध्रुव, लक्ष्मी ठाकुर, गेंदी, दशमत, रेखा, गंगा, रति कला यादव, डिग्री चैन सिंह, श्याम उमाशंकर सिन्हा, अंकेशर नेताम, ठाकुरराम ठाकुर, अंजोर यादव, रतनू ध्रुव इत्यादि उपस्थित थे।




## सशिमं में प्रवेशोत्सव पर हुआ यज्ञ-हवन



**महासमुंद।** स्थानीय भलेसर मार्ग पर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में यज्ञ, हवन का आयोजन किया गया। जिसमें गायत्री मंदिर महासमुंद से पूर्णिमा साहू एवं चंद्रकला साहू द्वारा पूरे विधि विधान से यज्ञ, हवन का कार्यक्रम कराया गया। इसके पश्चात विद्यालय में प्रथम दिवस में उपस्थित छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया एवं प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर आदर्श शिक्षा मंडल समिति के सचिव घनश्याम सोनी, प्रभारी प्राचार्य शिव कुमार कन्नौजे, विद्यालय के वरिष्ठ आचार्या मनोज साहू दुर्गेश नंदनी चंद्राकर, सरोजनी साव, किरण सोनी, गुरवारी सोनी तारिणी गोस्वामी, निशा गोस्वामी, मल्लिका चंद्राकर, टिकेश्वरी चंद्राकर, तनुजा साहू, अर्चना साव, वरिष्ठ आचार्य बलराम सेन, अश्वनी साहू, तुलसी राम पटेल, हेमंत साहू, अजय तांडी, पवन निर्मलकर, ललित कुमार सिन्हा एवं विद्यालय के समस्त दीदी आचार्य उपस्थित रहे।

# लाफिनखुर्द स्कूल में छात्रों को बांटी गई पुस्तकें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय हाईस्कूल लाफिनखुर्द में नए शिक्षा सत्र के प्रथम दिन बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ महतारी की वंदना एवं प्रार्थना से स्कूल का शुभारंभ हुआ।

तत्पश्चात शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्य भीखम साहू तथा पालकगण एवं सभी शिक्षकों की उपस्थिति में कक्षा नवमी में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। कक्षा नवमीं से दसवीं में प्रवेशित छात्राओं का भी तिलक लगाकर अभिनंदन किया गया। कक्षा अध्यापन के दौरान बच्चों ने अपने ग्रीष्म अवकाश के अनुभव बताए। प्रथम दिवस शाला निरीक्षण किया गया। जिसमें सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी कुंजाम, संकुल समन्वयक लक्ष्मी नाथ सकरिया उपस्थित होकर विद्यालय गतिविधियों का निरीक्षण किए। साथ ही संकुल केंद्र लाफिनखुर्द से भुवनेश्वरी जांगड़े, ममता ठाकुर व्याख्याता द्वारा प्राथमिक शाला लाफिनकला एवं परसकोल का निरीक्षण किया गया। प्रथम दिवस बच्चों में उल्लास देखा गया। प्राचार्य भारत साहू ने सभी पालकों से निवेदन किया कि कक्षा आठवीं उत्तीर्ण सभी बच्चों को जल्दी से जल्दी कक्षा में प्रवेश कराए।





## वरिष्ठजनों के लिए विशेष शिविर का आयोजन

**महासमुंद।** नालसा एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार विशेष राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय दिवस पर थीम आधारित विशेष जागरुकता शिविर का आयोजन किया जाता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के प्रबंध कार्यालय के अधिकार मित्र हरिचंद साहू ने बताया कि प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया के मार्गदर्शन पर 15 जून को विश्व वरिष्ठ दुर्व्यव्यवहार दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव आफरीन बानो द्वारा नयापारा दलदली रोड स्थित वृद्धाश्रम पहुंचकर वरिष्ठजनों के अधिकारों एवं शासन द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए उम्रदराज बुजुर्गों को हीन भावना व दुर्व्यव्यवहार रखने वालों के लिए वैधानिक कार्रवाई की जानकारी दी गई।

# आत्मानंद विद्यालय में हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांकरा

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम विद्यालय सांकरा में 16 जून को शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। नवप्रवेशित छात्रों को शाला गणवेश एवं पाठ्यपुस्तकों का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में ऊषा पुरुषोत्तम घृतलहरे के मुख्य आतिथ्य एवं कैलाश चंद्र अग्रवाल (अध्यक्ष एसएमडीसी) की अध्यक्षता के साथ सतपाल सिंह छाबड़ा (सरपंच, सांकरा), पम्मी छाबड़ा (जनपद सदस्य) एवं पुरुषोत्तम घृतलहरे (जनपद सदस्य) के विशेष आतिथ्य में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के सम्माननीय अधिकारीगणों की भी उपस्थिति एवं मार्गदर्शन विद्यालय को प्राप्त हुआ, जिनमें प्रमुख रूप से नंदकिशोर सिन्हा (सहायक शिक्षा अधिकारी), विद्या साहू (इंचार्ज , प्रवेशोत्सव), रेखराज शर्मा (डीएमसी), बरमाल (जिला क्रीड़ा अधिकारी), संपा बोस (एपीसी), किरण कन्नौजे (डाइट), नरेश पटेल (बीआरसी) शामिल रहे। विद्यालय के प्राचार्य दीपक देवांगन ने अपने स्वागत भाषण में सभी अतिथियों, पालकों, शिक्षकों एवं छात्रों का हृदय से स्वागत किया।

कार्यक्रम के अध्यक्ष कैलाश चंद्र अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा –विद्यालय विकास की दिशा में एसएमडीसी की सक्रिय भागीदारी रही है। शाला प्रवेश उत्सव जैसे आयोजन न केवल बच्चों में उल्लास भरते हैं, बल्कि पालकों में विद्यालय के प्रति विश्वास भी बढ़ाते हैं। हम सभी मिलकर इस विद्यालय को शैक्षणिक गुणवत्ता और अनुशासन का आदर्श केंद्र बनाएंगे। सतपाल सिंह छाबड़ा, सरपंच सांकरा ने अपने भावपूर्ण वक्तव्य में कहा – शिक्षा केवल ज्ञान अर्जन का माध्यम नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का आधार है। पुरुषोत्तम घृतलहरे, जनपद सदस्य ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस विद्यालय से हमारा आत्मीय लगाव है

इस अवसर पर शाला एसएमडीसी के सदस्य रसिक प्रधान, कलप राम साहू, मनोज बारीक, रोहतास गोयल, उधो खम्हारी, मेहत्तर चौहान, अमरावती नायक, प्रहलाद पटेल, राजेश विशाल, गोविंद साहू, सागर राणा, गोपीनाथ खम्हारी, ताम्रध्वज साहू, कमल अग्रवाल के साथ साथ विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता एसडी भोई, टीडी कुमार, पीएल नायक, एमआर सिदार, एसके पटेल, अजय नायक, सोहन नायक, आईके डडसेना, प्रमोद प्रधान, आकांशा मिश्रा, मोनिका तिवारी ,भरत पटेल, सुभरन नेताम, भोसले, सोना, मंदाकिनी प्रधान, मंगलादेवी साहू, अलका साहू, भूमिका सिन्हा, अलका साहू, पुष्पा आजाद, नीलू जैसवाल, अवंतिका साहू , प्रीतिबाला दास, दिव्या भारती खलखो, तनु विश्वकर्मा, नागेंद्र साहू, अखिलेश शुक्ला, शेखर चौधरी, आशीष कुशवाहा, प्रतीक्षा तिवारी, संस्कृति प्रधान, किरण व्यवहार, पूजा भोई, चंचला देवांगन, प्राची शर्मा,जय प्रकाश पटेल, सत्यप्रकाश पात्रे सहित विद्यालय स्टॉफ, अभिभावकगण, और ग्रामीण उपस्थित थे।





